जनपद हमीरपुर

प्रेस नोट

थाना जरिया **दिनांक 27.06.2026**

थाना जरिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 114/2026 धारा 103(1) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित हत्या के 02 वांछित अभियुक्त आलाकत्ल के साथ गिरफ्तारी के सम्बन्ध में ।

घटना का विवरण-

दिनांक 24.06.2026 को थाना जरिया पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत गोहांड से बागीपुरा जाने वाले मार्ग पर देशराज पुत्र परमलाल, उम्र करीब 67 वर्ष, निवासी गोहांड, थाना जरिया, जनपद हमीरपुर के साथ मारपीट की घटना हुई है। सूचना प्राप्त होते ही थाना जरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि गांव के ही चरण सिंह पुत्र परमलाल राजपूत एवं राजेन्द्र सिंह पुत्र परमलाल राजपूत द्वारा देशराज के सिर पर कुल्हाड़ी से प्रहार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहांड ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

मृतक के पुत्र से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जरिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 114/2026 धारा 103(1) बी0एन0एस0 बनाम चरण सिंह पुत्र परमलाल राजपूत एवं राजेन्द्र सिंह पुत्र परमलाल राजपूत के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण कि गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था।

पुलिस कार्यवाही-

थाना जरिया पुलिस द्वारा पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण चरण सिंह पुत्र परमलाल राजपूत एवं राजेन्द्र सिंह पुत्र परमलाल राजपूत को कछवाकला तिराहा बहद ग्राम कछवाकला से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल 02 अदद कुल्हाड़ी ग्राम इटौरागंग तिराहे के पास झाड़ियों से बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.राजेन्द्र कुमार उर्फ घसोड़ी पुत्र परमलाल (उम्र करीब 50 वर्ष)

2.चरन सिंह पुत्र परमलाल (उम्र करीब 46 वर्ष) निवासीगण मु0 कमलानगर कस्बा गोहाण्ड थाना जरिया हमीरपुर।

चरन सिंह पुत्र परमलाल का आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0 293/2021 धारा 13 जुआ अधि0

गिरफ्तारी का स्थान-

कछवाकला तिराहा बहद ग्राम कछवाकला

बरामदगी

घटना मे प्रयुक्त दो अदद आलाकत्ल कुल्हाड़ी

पुलिस टीम-

1. दिनेश कुमार पाण्डेय (प्रभारी निरीक्षक थाना जरिया)
2. उ0नि0 दिशान्त खोखर
3. उ0नि0 दिलीप श्रीवास्तव
4. उ0नि0 रोहित यादव
5. उ0नि0 मानवेन्द्र सिंह
6. हे0का0 पंकज सिंह
7. का0 अभिनव प्रताप सिंह
8. का0 अंचल पटेरिया
9. का0 जितेन्द्र कुमार